हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 5 अप्रैल 2026

06 सीसीटीवी ने खोली चोरी की पोल, आरोपी महिलाओं...



09 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में समाहित...





## खबर संक्षेप



### युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी सुनील पाटीदार का किया स्वागत

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नीति एवं शोध सह प्रभारी नियुक्त होने पर ग्राम धरोला निवासी सुनील पाटीदार का नलखेड़ा एवं उनके गृह ग्राम धरोला में कार्यकर्ताओं द्वारा स्थान स्थान पर स्वागत कर बधाइयां दी गई। स्थानीय चौक बाजार में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, जिला मंत्री पवन वेदिया, मंडल महामंत्री शिवम नागर, जिला कार्यसमिति सदस्य दिलीप खंडेलवाल, पत्रकार पप्पू मकवाना, युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुज ठाकुर,मनीष नारेलिया, हेमंत जायसवाल, देव पालीवाल आदि द्वारा स्वागत कर बधाइयां दी गई। इसी प्रकार पाटीदार का उनके गृह ग्राम धरोला में भी कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

### 57 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है।

### तेज हवा से कई पेड़ धराशायी, बिजली के पोल टूटे, रात में रहा ब्लैक आउट, सुबह तक हुई बिजली बहाल

# 70 किमी की रफ्तार से चली तेज आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, मकानों के छप्पर उड़े

गुरुवार रात करीब 11 बजे तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते करीब 40 मिनट तक धूल भरी तेज आंधी चली, जिसके कारण सुरक्षा के लिहाज से पूरे शहर की बिजली काट दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में गुरुवार रात कुदरत ने जबरदस्त कहर बरपाया। करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज आंधी और गरज-चमक के साथ हुई बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे बड़ा असर वेब सीरीज 'पंचायत' के सेट पर पड़ा, जहां तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई है।

बता दें गुरुवार रात करीब 11 बजे तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते करीब 40 मिनट तक धूल भरी तेज आंधी चली, जिसके कारण सुरक्षा के लिहाज से पूरे शहर की बिजली काट दी गई। पूरा सीहोर करीब डेढ़ घंटे तक अंधेरे की आगोश में रहा। आंधी थमने के बाद भी रिमझिम बारिश हुई और रात करीब 12.30 बजे के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।





### 'पंचायत' के सेट पर मचा हड़कंप

नजदीकी महोडिय़ा गांव में इन दिनों बहुचर्चित वेब सीरीज पंचायत के सीजन-5 की शूटिंग चल रही है। रात को आई आंधी ने यहां जमकर नुकसान पहुंचाया। यूनिट के लाइन प्रोड्यूसर जीशान जाफरी ने बताया कि हवा इतनी तेज थी कि शूटिंग के लिए लगाए गए टेंट और अन्य साजो-सामान हवा में उड़ गए। क्रू मेंबर्स के लिए बना खाना भी धूल और बारिश की भेंट चढ़ गया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भी सदस्य घायल नहीं हुआए लेकिन वफिलहाल शूटिंग रोकनी पड़ी है। गौरतलब है कि महोडिय़ा में 16 मार्च से 9 अप्रैल तक का शेड्यूल तय है, जिसमें 200 से अधिक लोग काम कर रहे हैं।

### धूप के बाद अचानक बदला मिजाज

बता दें मौसम का मिजाज बदला-बदला सा रहा। दिन भर तेज धूप खिली थी और अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन रात होते-होते पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम पलट गया। मौसम विभाग ने जिलेवासियों के लिए चेतावनी जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में एक मजबूत वेदर सिस्टम सक्रिय है। 7 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देगा। 10 अप्रैल तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना बनी रहेगी।

# सूदखोरी से तंग आकर युवक ने खाया जहर, वीडियो हुआ वायरल



**भैरुंदा।** जिले के भेरूंदा क्षेत्र में सूदखोरी का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने सूदखोरों की प्रताडऩा और धमकियों से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कदम उठाने से पहले युवक ने एक भावुक वीडियो भी रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने अपनी आपबीती सुनाते हुए तीन लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

वायरल वीडियो में युवक की पहचान अशोक राठौर के रूप में हुई है। युवक ने आरोप लगाया कि उसने अपनी जरूरतों के लिए 40 हजार रुपये 20 प्रतिशत के भारी ब्याज पर उधार लिए थे। युवक का कहना है कि वह लगातार कर्ज चुकाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन सूदखोर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।



### वीडियो में गटका जहर, अस्पताल में हालत गंभीर

सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो के अंत में युवक एक शीशी से कोई जहरीला पदार्थ पीते हुए दिखाई दे रहा है। जहर खाने के बाद जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे आनन फानन में भेरूंदा अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाम 7 बजे उसे सीहोर रेफर कर दिया। रात लगभग 9 बजे उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां उसका उपचार जारी है।

### हाथ-पैर तोड़ने की धमकी

अशोक ने वीडियो में अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि आरोपियों ने उसे सरेआम अपमानित किया। उसका दावा है कि दो बार एक ढाबे पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और सरेराह गालियां दी गईं। आरोपी उसे लगातार फोन पर और मिलकर हाथ-पैर तोडऩे की धमकी दे रहे थे, जिससे वह बुरी तरह डर गया था। इधर इस सनसनीखेज मामले में पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

भेरूंदा एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है, लेकिन फिलहाल इसकी आधिकारिक सत्यता की पुष्टि की जा रही है।

# जिलेवासियों की सेहत से खिलवाड़, मिलावटखोरी में सीहोर टॉप-10 में, फिर भी दागी दुकानदारों पर मेहरबान विभाग

### जिले में खाद्य सामग्रियों के 55 सैंपल फेल, नाम सार्वजनिक हो तो अलर्ट हो जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की सुस्ती आम जनता की सेहत पर भारी पड़ रही है। मध्य प्रदेश के टॉप-10 मिलावटखोर जिलों की सूची में सीहोर का नौवें स्थान पर आना कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि जिले के स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र की विफलता का प्रमाण है। 'शुद्ध के लिए युद्ध' जैसे नारों के बीच जिले में 55 फूड सैंपल फेल पाए गए हैं, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि विभाग उन मिलावटखोरों के नाम सार्वजनिक करने से कतरा रहा है जो लोगों की थाली में धीमा जहर परोस रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की हालिया रिपोर्ट ने जिले में हडक़ंप मचा दिया है। पिछले तीन सालों में लिए गए सैंपल्स की सामूहिक रिपोर्ट बताती है कि (ग्वालियर 420 फेल सैंपल) के बाद प्रदेश के चुनिंदा प्रदूषित जिलों में सीहोर भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार हमारे दैनिक आहार का हिस्सा बनने वाले दूध, मावा, पनीर और घी जैसे डेयरी उत्पादों में सबसे ज्यादा मिलावट पाई गई है।

### जब मौत के करीब पहुंचे 200 ग्रामीण

मिलावटखोरी का सबसे डरावना चेहरा हाल ही में इछावर तहसील के ग्राम बबडिय़ा नोआबाद में देखने को मिला। एक शादी समारोह में दूषित भोजन करने से 200 से अधिक लोग एक साथ बीमार पड़ गए। पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई और स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक अफरा तफरी का माहौल रहा। बुजुर्गों और बच्चों की हालत इतनी बिगड़ गई कि उन्हें आपातकालीन वार्डों में भर्ती करना पड़ा। बड़ा सवाल यह है कि इस घटना को आठ दिन से ज्यादा हो, लेकिन आज तक जिला खाद्य विभाग यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि उस शादी में सामग्री किस दुकान से आई थी।

### सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई कार्रवाई

सीहोर में खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली केवल त्योहारों के समय सैंपल लेने तक सीमित रह गई है। सैंपल फेल होने के बाद जुर्माना लगाकर फाइलें बंद कर दी जाती हैं। जनता का आरोप है कि विभाग और मिलावटखोरों के बीच एक ऐसी सांठगांठ है, जिसके चलते आम आदमी की जान जोखिम में है।

### नाम बताने में विभाग की 'मजबूरी' क्या है?

जिलेवासियों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जब विभाग को पता है कि कौन सी दुकान का सैंपल फेल हुआ है तो उन नामों को सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता। क्या विभाग मिलावटखोरों को सुधारने का मौका दे रहा है या उन्हें संरक्षण दे रहा है। अगर जनता को पता होगा कि किस मिठाई की दुकान या डेयरी पर नकली पनीर मिल रहा है तो लोग वहां जाने से बचेंगे। नाम छिपाकर विभाग सीधे तौर पर जनता को उन्हीं असुरक्षित दुकानों पर जाने के लिए मजबूर कर रहा है।

# विद्यार्थियों ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में संस्कार मंच की ओर से अनेक विद्यार्थियों ने आश्रम में पहुंचकर यहां पर निवासरत वृद्धजनों के साथ बातचीत की। इस मौके पर एमबीबीएस में अध्ययनरत शुभम मोगरे, हर्ष नामदेव और विष्णु सोनकर आदि शामिल थे। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने कहाकि वृद्धों की सेवा ही सबसे बड़ा परोपकार है। आज हम बुजुर्गों को भूलते जा रहे हैं। जिंदगी में कुछ सीखना है तो बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना जरूरी है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने यहां पर निवासरत वृद्धजनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया।




### किसानों को दी गई जल प्रबंधन के महत्व और संयंत्र संचालन की जानकारी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी द्वारा जिले में विकासखण्ड स्तर पर जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

सहायक संचालक जगदीश मुजाल्दा ने बताया कि विभाग द्वारा 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के अंतर्गत ग्राम कोठरी के किसान प्रमोद कासनिया एवं किसान आनन्द कासनिया के प्रक्षेत्रों पर 0.5-0.5 हैक्टेयर में ड्रिप संयंत्र स्थापित कराए गए हैं। इसके साथ ही वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी संजय सिंह द्वारा किसानों को जल प्रबंधन के महत्व और संयंत्र संचालन एवं रख-रखाव पर भी जानकारी दी गई।

# संयुक्त संचालक ने किया प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण



**कानड़।** शनिवार को संयुक्त संचालक राजीव निगम द्वारा नगर परिषद कानड़ के प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, कचरा पृथक्करण व्यवस्था, मशीनों की स्थिति एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि गीले एवं सूखे कचरे का शत-प्रतिशत पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए तथा प्लांट की क्षमता के अनुरूप नियमित रूप से कचरे का निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्लांट परिसर में साफ-सफाई, समयबद्ध कार्यप्रणाली एवं बेहतर प्रबंधन बनाए रखने के निर्देश दिए, जिससे शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो सके।इसके पश्चात अमृत 2 अंतर्गत ग्रीन स्पेस का भी निरीक्षण किया गया नगर परिसर स्थित गार्डन का भी निरीक्षण किया गया, जहां स्वच्छता, हरियाली एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी, सीएमओ शिव सिंह चौहान एवं आगर सीएमओ कुशल सिंह डोडवे, पार्षद प्रतिनिधि बनेसिंह चौहान, सहायक नोडल अधिकारी इंजीनियर अंकित शर्मा, सहायक निरीक्षक संदीप बैरागी एवं संस्था एस के वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस टीम उपस्थित थे।

### शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता के अनुभवों से समृद्ध होकर लौटी छात्रा

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय की छात्रा ख्वाहिश गवली ने किया नागालैंड का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय, आगर की छात्रा ख्वाहिश गवली, पिता मिथिलेश गवली को नागालैंड राज्य के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण के लिए चयनित किया गया। छात्रा ने यह ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपराओं, जीवनशैली तथा भौगोलिक विविधताओं को समझते हुए राष्ट्रीय एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करना रहा। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गया।

### खोनोमा ग्रीन विलेज रहा आकर्षण का केंद्र

भ्रमण के दौरान छात्रों ने भारत के प्रथम ग्रीन विलेज खोनोमा का भी दौरा किया। यहाँ की प्लास्टिक मुक्त वातावरण, मिनी लाइब्रेरी और स्वच्छता व्यवस्था ने सभी को प्रभावित किया।

### सांस्कृतिक आदान-प्रदान में दिखी मध्यप्रदेश की झलक

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। ख्वाहिश और उनके साथियों ने गर्व के साथ मप्र गान प्रस्तुत किया तथा मटकी नृत्य के माध्यम से मध्यप्रदेश की संस्कृति का परिचय कराया, जिसे वहां के विद्यार्थियों ने सराहा।



### स्वच्छता और संस्कृति ने किया प्रभावित

ख्वाहिश गवली ने बताया कि उन्होंने नागालैंड के प्रसिद्ध हॉर्नबिल फेस्टिवल विलेज (किसामा) तथा कोहिमा के आसपास के गांवों का भ्रमण किया। कठिन पहाड़ी क्षेत्र होने के बावजूद वहां की स्वच्छता व्यवस्था और प्रकृति के साथ स्थानीय लोगों का संतुलित जीवन अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

**विद्यालय भ्रमण से मिली अनुशासन की सीख-** यात्रा के दौरान छात्रा ने नागालैंड के एक विद्यालय का दौरा भी किया, जहां विद्यार्थियों का अनुशासन, समयपालन और विनम्र व्यवहार उन्हें विशेष रूप से प्रभावित कर गया। उन्होंने बताया कि वहां के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और संस्कारों के प्रति भी सजग हैं।

### कोहिमा वॉर सिमेट्री में भावुक पल


कोहिमा वॉर सिमेट्री में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते समय छात्रा ने गहरा भावनात्मक अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के नाम पढ़ते हुए देशभक्ति और सम्मान की भावना मन में और प्रबल हुई।

### जीवनभर याद रहने वाला अनुभव

ख्वाहिश गवली ने बताया कि यह यात्रा उनके जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण अनुभव रही। उन्होंने नए मित्र बनाए, विभिन्न संस्कृतियों को जाना और भारत की विविधता में एकता को करीब से महसूस किया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा राष्ट्रीय चेतना के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेसियों ने उत्साह के साथ किया नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत



**बागली।** नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप गुर्जर का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गांधी मंच पर पुष्पहारों से स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रत्येक कार्यकर्ता का सहयोग चाहिए। क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना आवश्यक है और ये तभी होगा जब कार्यकर्ताओं में जोश होगा। वर्तमान समय में जो कार्यकर्ता कांग्रेस के साथ है वो क्रांतिकारी है। कांग्रेस पार्टी के हाथ मजबूत करने के लिए तन मन न्यौछावर करना होगा। स्वागतकर्ताओं में मुख्य रूप से ओम शर्मा, कमल सोनी, लीलाधर जाट, बुरहानुद्दीन बोहरा, अंतर पाटीदार, अशोक वर्मा, मुकेश भाटी, मिंटू गुर्जर, कपिल टांक, हीरा जाट, आशीष गुर्जर, विजय यादव, सादिक खान, कादर खान, युनुस शाह, धर्मेंद्र कंठाली, अजय पाटीदार, कृष्ण टांक, रितेश भाटी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ग्राहक बनकर आईं महिलाएं, पलक झपकते 50 हजार की पायजेब उड़ाई

# सीसीटीवी ने खोली चोरी की पोल, आरोपी महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा ज्वेलर्स के संचालक सोम छापरिया की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



ज्वेलर्स की दुकान पर ग्राहक बनकर आईं दो महिलाओं ने ऐसी सफाई से हाथ साफ किया कि किसी को भनक तक नहीं लगी। चांदी की पायजेब देखने के बहाने दोनों ने करीब 50 हजार की पायजेब पार कर दी और आराम से निकल गईं, लेकिन उनकी यह चालाकी ज्यादा दिन नहीं चल पाई, सीसीटीवी कैमरों ने पूरा खेल उजागर कर दिया। मामला उदयनगर थाना क्षेत्र का है, जहां कृष्णा ज्वेलर्स के संचालक सोम छापरिया ने 17 फरवरी 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो अज्ञात महिलाएं दुकान पर आईं।

पायजेब देखने का बहाना बनाया और मौका मिलते ही दो जोड़ी पायजेब गायब कर दीं। पुलिस ने भी इस चोरी को चुनौती के रूप में लिया। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में गठित टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में दोनों महिलाओं की हर हरकत कैद मिली और यही उनकी गिरफ्तारी की सबसे बड़ी कड़ी बनी। तकनीकी जांच और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने 3 अप्रैल को दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में चोरी का खुलासा हुआ और उनके कब्जे से 50 हजार की चांदी की पायजेब बरामद कर ली गई।

देवास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुड़ी बाई, पति विजय सिंह सिसोदिया, निवासी भाड़ पिपलिया, थाना बरोठा, कला बाई, पति रमेश सिसोदिया, निवासी भाड़ पिपलिया, थाना बरोठा को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह सोलंकी, सउनि संजय कुमार निगम, महिला प्रधान आरक्षक कविता मुजाल्दे, पूनम, आरक्षक दीपक पटेल, महेंद्र, मनीष मीणा और केतन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# पीएनजी विस्तार के तहत एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना जरूरी

**तीन माह बाद आपूर्ति बंद का प्रावधान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश कुमार अहिरवार द्वारा बताया गया कि भारत सरकार के राजपत्र असाधारण प्राधिकार से प्रकाशित दिनांक 24 मार्च 2026 प्राकृतिक गैस ओर पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाईप लाईनों और अन्य सुविधाओं को बिछाने, निर्माण, संचालन और विस्तार के लिये) आदेश, 2026 जारी किया गया है।

आदेश अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं को पाईप लाईन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढाने से देश भर के उन क्षेत्रो में एलपीजी की आपूर्ति किया जाना संभव होगा, जहां प्राकृतिक गैस पाईप लाईन नहीं है, वहां अतिरिक्त एलपीजी उपलब्ध हो सकेगी। उक्त आदेश की कंडिका 4 (घ) के प्रावधान अनुसार नगर देवास के जिन क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस पाईप लाईन (पीएनजी) उपलब्ध है, उस क्षेत्र के घरेलू गैस एलपीजी उपभोक्ताओं को आदेश के जारी होने की दिनांक से 03 माह की समय-सीमा में पीएनजी गैस कनेक्शन लेना होगा। उक्त आदेश के जारी होने की दिनांक से 03 माह की समय-सीमा के पश्चात संबंधित क्षेत्र के निवासियों के पते पर एलपीजी की आपूर्ति बंद किये जाने का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र देवास में त्रड्डद्वद्य त्रड्डह्य कंपनी द्वारा पीएनजी गैस वितरण नेटवर्क (पाईप लाईन) विस्तार का कार्य एवं पीएनजी गैस कनेक्शन उपभोक्ताओं की रसोई तक लगाने का कार्य किया जा रहा है। घरेलू पीएनजी गैस की दर 55.68 प्रति किलोग्राम है, जबकि घरेलू एलपीजी गैस की दर 64.30 प्रति किलोग्राम है। जिला प्रशासन द्वारा समस्त देवास नगर वासियों के अनुरोध है कि, यदि उनके निवास स्थान के समीप पीएनजी गैस पाईप लाईन उपलब्ध है तो घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्राप्त कर घरेलू गैस एलपीजी कनेक्शन को समर्पित कर दें ताकि, भविष्य में होने वाली असुविधा से बचा जा सकें।

# बैठक में एडीएम सोलंकी ने कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के सेवा स्वात्व, अनुकंपा नियुक्ति, ग्रेड पे एरियर, सेवा निवृत्त कर्मचारियों के पीपीओ, समयमान वेतनमान आदि लम्बित प्रकरणों एवं कर्मचारियों को आ रही समस्याओ के निराकरण के उद्देश्य से जिलास्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यचक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सोलंकी ने निर्देश दिये कि सभी जिला अधिकारी अपने विभाग में कर्मचारियों से संबंधित जो भी लम्बित प्रकरण चल रहे हैं, उनका शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने पेंशन अधिकारी को जिले में शासकीय सेवकों की सेवानिवृत्ति पर सभी प्रकार के भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिये। उन्होंबने कहा कि अधिकारी/कर्मचारियों की सीआर का समय पर निर्धारण होना चाहिए ताकि उन्हेंश समयमान वेतनमान के समय कोई समस्यार नहीं आये। सोलंकी ने कहा कि जिले में सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस सुविधा प्रारंभ हो गई है, इसके लिए सभी कर्मचारियों को कम्प्युटर, प्रिंटर आदि की उपलब्धता कराई जाएं। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में लंबे समय से निलंबित कर्मचारी हैं यदि उन पर कोई भी कानूनी प्रकरण नहीं चला रहा है तो उन्हें बहाल करवाया जाएं। सेवा निवृत्त कर्मचारियों का पीपीओ समय पर जारी किया जाये। पेंशन फॉर्म एवं स्वी कृति प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाये। राज्य सरकार की पेंशन योजनानुसार सभी को समय पर पेंशन का भुगतान हो।

## नेवरी में हुआ एचपीवी टीकाकरण



**चापडा।** भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 से 16 वर्षीय की बालिकाओं के लिए वृहद स्तर पर एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। यह टीका बालिकाओं में गर्भाशय के दौरान होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करेगा। बागली विकासखंड के नेवरी में एनएएम उर्मिला सिसोदिया व स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम द्वारा शनिवार को शिविर लगाकर बालिकाओं का टीकाकरण किया गया, जिसमें सर्वप्रथम आभा जोशी ने अपने अभिभावक कल्पना कौशल जोशी की अनुमति प्राप्त कर इस वैक्सीन को लगवाया।

## आम्बेडकर जयंती मनाने उत्सव समिति का गठन

**देवास।** महामानव भारतरत्न डॉ. बी.आर. आम्बेडकर की 135वीं जयंती उत्सव समारोह का आयोजन नूतन नगर स्थित डॉ. आम्बेडकर उद्यान में 14 अप्रैल को किया जायेगा। समारोह की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन स्टेशन रोड नूतन नगर स्थित रतनलाल कलेशरिया के निवास पर किया गया। बैठक में जयंती उत्सव समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रतनलाल कलेशरिया (पटवारी), कार्यवाहक अध्यक्ष बाजीराव पाटोले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदकिशोर पोरवाल, उपाध्यक्ष रामलाल गंधावलिया, बाबूराव गोलाईत, राकेश शिंदे, महासचिव रघुनाथ मालवीय, कन्हैयालाल कुलथिया, उपमहासचिव रामचन्द्र रेकवाल, संचालक जयेश चौकीकर, कैलाशप्रिय कलेशरिया, दीपक बगानिया, कोषाध्यक्ष किशनलाल कलेशरिया, सहकोषाध्यक्ष देवकरण कलेशरिया, सचिव पीरूलाल बामनिया, महेश कलेशरिया, सहसचिव प्रहलाद सिंह रेकवाल, राकेश पासवान, अशोक चौहान, संयोजक राजकुमार रेकवाल, अजय रेकवाल, हेमन्त कलेशरिया, सलाहकार प्रवीण वर्मा पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 32, रामचन्द्र चौकीकर, गणेश मडामे, आई.डी. माहेश्वरी, संस्थापक अध्यक्ष बी.एल रेकवाल, कार्यकारिणी सदस्य पवन, आंवले, रविन्द्र मालवीय, विष्णु मालवीय, संदीप शिंदे, सुभाष पासवान, मांगीलाल गोयल, भेरूसिंह प्रजापति, मनोज शिंदे, जयेश कलेशरिया, मुकेश पासवान, जयंत गोयल, हेमराज अहिरवार, हर्ष शिंदे, दिव्यांश कुलथिया, कुलदीप सोलंकी को समिति का कार्यभार सौंपा गया। सभी नवीन पदाधिकारियों को बधाई देकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत निगमायुक्त दलीप कुमार ने किया छात्राओं के साथ संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत ₹ जिले के शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, उसी कड़ी में 04 अप्रैल को 'भविष्य भेंट कार्यक्रम₹ के अंतर्गत निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शासकीय महारानी चिमना बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के साथ विशेष संवाद किया। उन्होंने कक्षा 9वीं और 11वीं की छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें आगामी 10वीं और 12वीं की तैयारी को लेकर मार्गदर्शन दिया।इस दौरान निगमायुक्त ने "प्रॉब्लम सॉल्विंग" पर खास जोर देते हुए बताया कि जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराने के बजाय उन्हें समझदारी और धैर्य से हल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है।छात्राओं ने भी इस अवसर पर खुलकर अपने सवाल रखे। यूपीएससी, आईएएस और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर उन्होंने मार्गदर्शन लिया, जिस पर निगमायुक्त ने सरल और प्रेरणादायक तरीके से जवाब दिए।निगमायुक्त ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित मेहनत करने और समय का सही उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नए सत्र के लिए मानसिक रूप से तैयार करना और उन्हें अपने करियर को लेकर जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान डीईओ हरि सिंह भारतीय, डीपीसी अजय मिश्रा, एपीसी मुकेश निगम, विकास महाजन, प्रभारी प्राचार्य राजू सातपुते मौजूद रहे।

# नरवाई जलाने वाले किसानों पर लगातार कार्रवाई जारी ग्राम देवली के किसान पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों तथा मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी निषेधात्मक निर्देशों का उल्लंघन करते हुए खेतों में गेहूँ की नरवाई (पराली) जलाने वालों पर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सख्त निर्देश दिए कि जिले में नरवाई जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है, यदि कोई किसान (नरवाई) पराली जलाते पाया गया तो उसे पर 2500 से 15000 रुपए तक का अर्थ दंड एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा बरती जा रही सख्ती के तहत 01 अप्रैल को कार्यवाही की गई है। विकासखंड टोंकखुर्द के ग्राम देवली में खेत में नरवाई जलाते पाए जाने पर संबंधित किसान के विरुद्ध थाना टोंकखुर्द में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार, कृषि एवं राजस्व दल द्वारा क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम देवली रकबा 0.20 हेक्टेयर पर खेत में नरवाई जलाई जाना पाया गया। राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह भूमि अखिलेश पिता सजन सिंह खाती के नाम दर्ज है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी निषेधात्मक आदेशों और एनजीटी के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर, कृषि विस्तार अधिकारी टोंक खुर्द के प्रतिवेदन पर पुलिस थाना टोंकखुर्द ने अखिलेश पिता सजन सिंह खाती निवासी देवली के विरुद्ध धारा 223(a) भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 के तहत मामला दर्ज किया है।जिला प्रशासन ने बताया कि फसलों के अवशेष जलाना न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे मिट्टी की उर्वरक शक्ति भी नष्ट होती है। कृषि विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें लगातार क्षेत्रों का भ्रमण कर रही हैं। यदि कोई भी व्यक्ति नरवाई जलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही और जुर्माना सुनिश्चित किया जाएगा।

### स्वच्छता के नायकों का सम्मान, नगर निगम ने किया गौरवपूर्ण आयोजन

# सभी ने शहर को स्वच्छता में नंबर वन लाने लिया संकल्प





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम द्वारा शहर में संचालित स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले 'स्वच्छता चैम्पियन', स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर तथा वार्ड रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दरोगा व सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

निगम सभागार में हुए इस कार्यक्रम में शहर को स्वच्छ बनाने में योगदान देने वाले सभी कर्मठ व्यक्तियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद राजा अकोदिया, महेश फुलेरी, उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया एवं जाकिर जाफरी की उपस्थिति में स्वच्छता चैम्पियनों को सम्मानित किया।

महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि इन सभी के सहयोग से शहर पूर्व में भी स्वच्छता में नंबर वन रहा है और आगामी सर्वेक्षण में भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए हर स्कूल में साप्ताहिक स्वच्छता गतिविधियां संचालित करने पर जोर दिया। आयुक्त दलीप कुमार ने कहा कि स्वच्छता की सीख हमें बचपन से दी जाती है और इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता चैम्पियनों ने समाज में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि शहर निरंतर स्वच्छ बना रहे। स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बैस ने स्वच्छता चैम्पियनों को शहर की "रीढ़" बताते हुए कहा कि स्कूलों में जनजागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाया जाएगा।

### सम्मानित प्रतिभागी एवं वार्ड रैंकिंग

स्वच्छता चैम्पियन के रूप में नयन कानूनगो, दिनेश उपाध्याय, डॉ. लीना दुबे, निशा यादव, जितेंद्र गोस्वामी, शकील कादरी, अश्विन तंवर, दीक्षा माहेश्वरी, पूजा चौहान एवं जावेद पठान को सम्मानित किया गया। वहीं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के रूप में सैयद मकसूद अली, महेश सोनी और अमित राव पवार को सम्मान मिला।

स्वच्छ वार्ड रैंकिंग में जनवरी माह में वार्ड 26 प्रथम, वार्ड 10 द्वितीय और वार्ड 04 तृतीय स्थान पर रहे, जबकि फरवरी माह में वार्ड 23 प्रथम, वार्ड 25 द्वितीय एवं वार्ड 09 तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में आयुक्त ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए बधाई दी। संचालन विशाल जोशी एवं अरुण तोमर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया ने किया।

# हल्दी-कुंकू कार्यक्रम में महिलाओं ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महाराष्ट्र समाज, देवास में चैत्र गौरी के पावन अवसर पर महिला मंडल द्वारा पारंपरिक हल्दी-कुंकू कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगभग 300 महाराष्ट्रीयन महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ चैत्र गौरी पूजन से हुई, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर मराठी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। पूरे आयोजन स्थल पर पारंपरिक गीतों, आपसी संवाद और उल्लास का वातावरण बना रहा। महिला मंडल प्रभारी दिव्या गोटी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जहां परंपराओं का निर्वहन होता है, वहीं महिलाओं के बीच आपसी स्नेह, सहयोग और सामाजिक जुड़ाव भी मजबूत होता है। इस अवसर पर समाज की सचिव वृषाली आप्टे, कीर्ति अत्रे, रूशाली विपट, कुमुद तैलंग और शिल्पा दीवान सहित अन्य सदस्यों ने पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं को प्रसाद के रूप में पारंपरिक व्यंजन वाटली डाळ और खोबरेपाक वितरित किए।

## खबर संक्षेप

### उत्साही युवकों ने श्रद्धालुओं को मीठा जल वितरण किया

**ललितपुर**। हनुमान जयंती के मौके पर शाही रोड स्थित दुकानदारों ने जलूस में श्रद्धालुओं को ठंडा मीठा जल प्रसाद वितरण कराया। इस अवसर पर जगदीश कुमार कालरा ने बताया कि अगले बर्ष और अधिक उर्जा के साथ धार्मिक कार्यक्रम में हमारी टीम भाग लेगी। इस दौरान निखिल, अजय जैन साइकिल, टिंकू समैया, रविंद्र जैन, प्रमोद, अनिल सोनी, नरेश कुशवाहा एवं राहुल कुशवाहा ने दिल से सेवा की है।

### 6 से मुफ्त मिलेगा राशन, 20 अप्रैल तक चलेगा अभियान

**ललितपुर**। जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों के लिए राहत भरी खबर है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अप्रैल 2026 माह का खाद्यान्न (गेहूं और चावल) का निःशुल्क वितरण 6 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि सभी पात्र लाभार्थी अपनी नजदीकी उचित दर दुकानों से राशन प्राप्त कर सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित मात्रा के तहत अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न (14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल) मुफ्त दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न (2 किलो गेंहू और 3 किलो चावल) निशुल्क वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण द्वारा किया जाएगा। जिन लाभार्थियों का किसी कारणवश आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाता है, उनके लिए 20 अप्रैल को ओटीपी के जरिए वितरण की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने सभी कार्डधारकों से अपील की है कि वह निर्धारित अवधि के भीतर अपनी उचित दर दुकान पर पहुंचकर खाद्यान्न अवश्य प्राप्त करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए।

### पुलिस ने नर्मदापुरम से नाबालिग को बरामद किया

**विदिशा**। 15 वर्षीय बालक के लापता होने की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने नर्मदापुरम स्थित नर्मदा नदी किनारे से बरामद किया है। बालक को परिजनों को सौंप दिया गया हे। बालक 2 अप्रैल की रात कोचिंग के लिए निकला था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में टीम ने संभावित स्थानों, खेतों, जंगलों और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। तकनीकी विश्लेषण से लोकेशन ट्रेस कर बालक को ढूंढ लिया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली।

## 100 प्रतिशत शिक्षित यूपी का प्रण की थीम पर स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

# 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में समाहित करने दो चरणों में स्कूल चलो अभियान-2026 चलेगा

### ललितपुर कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिखाया सजीव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने कंपोजिट विद्यालय शिवपुर, वाराणसी से अशिक्षा के अंधकार से सीधा रण, 100 प्रतिशत शिक्षित यूपी का प्रण की थीम पर शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शत-प्रतिशत नामांकन एवं ट्रांजिशन सुनिश्चित करने वाले व्यापक 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया, इसमें नवीन शैक्षणिक सत्र की पाठ्यपुस्तकों एवं निपुण विद्यालयों एवं निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण भी किया गया।

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार ललितपुर में राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ की उपस्थिति में अधिकारियों और प्राथमिक/परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं को दिखाया गया। साथ ही छात्र छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। पुस्तक पाने वाले छात्रों में कक्षा 8 से राजीव जैन, कक्षा 7 से सोनम, कक्षा 6 से राघवेंद्र, कक्षा 5 से मोनिका और कक्षा 4 से सुहाना शामिल रहीं। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 2026 में जनपद के समस्त 6 से 14 आयुवर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में समाहित किए जाने के उद्देश्य से ₹स्कूल चलो अभियान - 2026 चलाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री के द्वारा 1 जुलाई 2017 को किया गया था। स्कूल चलो अभियान' का प्रथम चरण दिनांक 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2026 तक एवं द्वितीय चरण 01 जुलाई से 15 जुलाई, 2026 तक संचालित किया जाएगा।

स्कूल चलो अभियान' के प्रथम एवं द्वितीय चरण में अध्यापक विद्यालयों के सेवित क्षेत्र में रहने वाले परिवारों का सर्वे करके विद्यार्थियों को चिह्नित कर उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही जन्म प्रमाण-पत्र अथवा आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों का अभाव होने पर अभिभावक द्वारा दी गई सूचना के आधार पर भी स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 03 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी बच्चों का आंगनबाड़ी/बालबाटिका एवं 06 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले समस्त बच्चों का कक्षा-1 में नामांकन के साथ ही 7 से 14 वर्ष के समस्त ड्रॉपआउट बच्चों का



चिह्नीकरण एवं नामांकन कराया जाएगा।

#### ड्रॉप आउट बच्चों को की संख्या को जीरो तक लाना

राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ ने कहा कि ड्रॉप आउट बच्चों को की संख्या को जीरो तक लाना है। ड्रॉप आउट बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए हमे मेहनत करनी होगी, निरंतर संघर्ष करते रहना ही जीवन की प्रवृति है। छात्र होते हुए हमे यह पता होना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि होना चाहिए, शिक्षक बच्चों को इसका महत्व समझाए और उनके भविष्य को उज्वल बनाने के लिए मेहनत करें। अपर जिलाधिकार न्यायिक अशोक कुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश है कि प्रदेश में ड्रॉप आउट बच्चों की दर को 0 प्रतिशत तक लाया जाए, जिसके लिए जनपद में हम सभी को मिलकर स्कूल चलो अभियान को सफल बनाना है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह ने कहा कि यदि नामांकन से एक भी बच्चा छूटा तो सुरक्षा चक्र टूटा, इसके लिए जनपद में ड्रॉप आउट रेश्यो को 0 प्रतिशत पर लाना है। विगत वर्ष तात्कालिक जिलाधिकारी ने किशोरी बालिकाओं का सर्वे कराया था, जिनमें जनपद की लगभग 2 हजार किशोरियों ऐसी पाई गई थी, जिन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। इसका मुख्य कारण बाल विवाह है। कोई भी देश तरक्की तब करता है, जब वहां शिक्षा की गुणवत्ता अच्छी हो। शिक्षक और छात्र का रिश्ता पिता पुत्र व माता और पुत्री का होना चाहिए, जिस दिन यह रिश्ता बन गया उस दिन हमे स्कूल चलो अभियान की आवश्यकता नहीं होगी, हम स्वतः इसके लिए तैयार होंगे। यदि हमारे आप पड़ोस के बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं तो हमे कष्ट होना चाहिए और हमे उनके अभिभावकों को समझना चाहिए। हमारे स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब प्रत्येक बच्चा स्कूल आकर पढ़ाई करें।

#### शिक्षा विभाग में ट्रैकर व्यवस्था लागू कर दी गई

इस वर्ष से सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में ट्रैकर व्यवस्था लागू कर दी गई है, जिससे प्रत्येक बच्चे के बारे में यह जानकारी होगी कि किस बच्चे ने प्रवेश कर लिया है और कौनसा बच्चा छूट गया है, सरकार के पास प्रत्येक बच्चे का डेटा उपलब्ध होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि बहुत ही अल्प समय में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य है कि प्रत्येक बच्चे को स्कूलम लाना है, कोई भी बच्चा ड्रॉप आउट न करे, हम सभी शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि हम प्रत्येक बच्चे का रिकॉर्ड रखें कि कोई बच्चा नामांकन से छूटा तो नहीं है। जनपद में ड्रॉप आउट एक बड़ी समस्या है, इसका मुख्य कारण शिक्षा के प्रति जागरूकता का अभाव है, इसको हमे मिलकर दूर करना है। पीएम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अंजना वर्मा ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक और अभिभावकों की मीटिंग होना आवश्यक है, इससे शिक्षा के प्रति बच्चे और अभिभावक जागरूक होंगे।

## हनुमान जयंती यात्रा में की वारदात

# मेले में चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया, 6 गिरफ्तार व 2.5 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 2.5 लाख रुपये कीमत का चोरी का माल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 10 मोबाइल फोन, लाल मोतियों की माला व अन्य आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मामले में कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 362/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में ग्यारस आदिवासी (21), अंगत सहरिया (24), अजय आदिवासी (20), शिव आदिवासी (22), रोहित सहरिया (करीब 20) एवं गिरजा (20) शामिल हैं। सभी आरोपियों को विधिक कार्रवाई के तहत न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार 3 अप्रैल को अज्ञात चोरों द्वारा मोबाइल चोरी की घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन टीमों का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह एक संगठित गिरोह बनाकर भीड़भाड़ वाले स्थानों, विशेषकर मेलों व धार्मिक आयोजनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उर्स मेला व हनुमान जयंती के जुलूस में भी इन्होंने मोबाइल व आभूषण चोरी किए थे, जिन्हें बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से विभिन्न कंपनियों के 10 मोबाइल फोन, पीली धातु के मोती व लॉकेट सहित लाल मोतियों की माला, 2 सफेद धातु के लॉकेट बरामद किये हैं। पुलिस टीम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने किया। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

> **उर्स मेला व हनुमान जयंती के जुलूस में भी इन्होंने मोबाइल व आभूषण चोरी किए थे, जिन्हें बेचने की फिराक में थे।**

## नशे में दबंगों ने वारदात की

# भूसा लेने गए किसान और भतीजे पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुढवार में पुरानी रंजिश और नशे की हालत में दबंगों द्वारा एक किसान और उसके भतीजे के साथ बर्बरतापूर्ण मारपीट का मामला सामने आया है। हमलावरों ने न केवल पीड़ितों को लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से पीटा, बल्कि उनके ट्रैक्टर को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने इस मामले में नामजद समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम बुढवार निवासी रेतराम कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मार्च 2026 की दोपहर करीब 2:00 बजे उनका भतीजा हरिकिशन अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेत पर भूसा लेने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही बोबी उर्फ ललित अहिरवार ने नशे की हालत में ट्रैक्टर रोक लिया और बिना वजह गाली-गलौज शुरू कर दी। जब हरिकिशन ने विरोध किया, तो आरोपी ने बेल्ट और लाठी से उसे पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे रेतराम पर भी

#### डंडों और लोहे की सरिया से पीटा, बल्कि उनके ट्रैक्टर को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया

आरोपियों ने हमला बोल दिया। शोर सुनकर आरोपी बोबी ने अपने साथी भगवानदास और 4 अन्य अज्ञात लोगों को बुला लिया। पीड़ितों के अनुसार, सभी हमलावरों ने एकराय होकर उन्हें घेर लिया और लाठी, डंडों व लोहे की सरिया से जानलेवा हमला किया, जिससे उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। जब पीड़ित अपनी जान बचाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने लगे, तो आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। दबंगों ने ट्रैक्टर के चारों टायर, बैटरी और लाइटें फोड़कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे करीब 70 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित रेतराम ने बताया कि घटना के बाद वह अपने और भतीजे के इलाज में व्यस्त थे, जिसके कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में दो दिन की देरी हुई। कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## लगन और निष्ठा से सपने को पूर्ण किया

# परचून व्यापारी की बेटी हिमांशी जैन बन गई असिस्टेंट कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मड़ावरा कस्बे की रहने वाली साधारण परिवार की बेटी हिमांशी जैन ने यूपी पीसीएस 2024 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयनित होकर पूरे जनपद का नाम रोशन कर दिया है। दूसरे प्रयास में 154वीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया, जिससे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

हिमांशी जैन के ललितपुर आगमन पर रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। परिजन, रिश्तेदार, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान बेटी हो तो हिमांशी जैसी जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। हिमांशी की सफलता के पीछे एक भावुक और प्रेरणादायक संघर्ष की कहानी छिपी है। वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान उनके पिता का निधन हो गया था। खास बात यह रही कि जिस



दिन उनकी बरसी थी, उसी दिन यह सफलता परिवार के हाथ लगी, जिसने इस पल को भावनात्मक बना दिया। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनकी मां ममता जैन ने संभाली। उन्होंने परचून की दुकान चलाकर बच्चों की पढ़ाई जारी रखी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद हिम्मत नहीं हारी। माँ के संघर्ष और त्याग ने ही हिमांशी को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। हिमांशी बचपन से ही प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना देखती थीं। अपने लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने करीब 4 वर्षों तक दिल्ली में रहकर कड़ी मेहनत की। यूपीएससी की तैयारी के साथ-साथ उन्होंने यूपीपीसीएस परीक्षा पर भी फोकस रखा और अंततः सफलता हासिल की। हिमांशी जैन की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे समाज और जनपद के लिए प्रेरणा बन गई है। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमित संसाधन और कठिन हालात भी मजबूत इरादों और निरंतर मेहनत के आगे टिक नहीं सकते। हिमांशी उन बेटियों के लिए प्रेरणा हैं, जो बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं। उनकी सफलता ने साबित किया कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

# कुटुंब न्यायालय परिसर में युवती से मारपीट की गई

**ललितपुर**। कुटुंब न्यायालय परिसर में एक युवती के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम पठा विजयपुरा निवासी शिवांगी लिटोरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 3 अप्रैल 2026 को कुटुंब न्यायालय में तारीख पर आई थी। इसी दौरान पहले से मौजूद विपक्षी पक्ष के हिमांशु दीक्षित, रविंद्र दीक्षित, रामाकांत दीक्षित व एक अन्य व्यक्ति ने बिना किसी बात के उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने एकजुट होकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### किराने की दुकान पर युवक से मारपीट

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरारी में किराने की दुकान पर सामान लेने गए एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिरारी निवासी अरविंद पुत्र युवराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 9.30 बजे वह मोहल्ले की एक किराना दुकान पर सामान लेने गया था। इसी दौरान गांव का ही लवचरन वहां पहुंचा और बिना किसी बात के विवाद करने लगा। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे आरोपी के परिजनों ने भी पीड़ित के साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों से उसे जान-माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मामले में दर्ज कर लिया है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया

# कमिश्नर ने मड़ावरा में सुनी जन शिकायतें स्वसहायता समूह की शॉप का उद्घाटन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मंडला युक्त झांसी मंडल विमल कुमार दुबे एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, एसपी मो .मुश्ताक ने तहसील मड़ावरा में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जन शिकायतें सुनी, कमिश्नर ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित होने वाले प्रेरणा शॉप का उद्घाटन, किया,उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक और थाने व चौकी में प्रेरणा शॉप खोलने के निर्देश दिए।उत्पादों को देखकर प्रशंसा की, साथ ही ठंडे पानी का मटका खरीदा,ग्राम सतवांसा में वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी खेल मैदान का उद्घाटन करके स्वयं खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और वृक्षारोपण भी किया।

### गेहूं खरीदी टलने से किसानों में आक्रोश आंदोलन की चेतावनी

**विदिशा**। भारतीय किसान संघ ने कृषि उपज मंडी में आयोजित वार्ता में गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाए जाने पर नाराजगी जताई। संघ ने आरोप लगाया कि पहले 16 मार्च, फिर 1 अप्रैल और अब 10 अप्रैल तक खरीदी टालने से किसानों की फसल खेतों में पड़ी है, जिससे नुकसान का खतरा बढ़ गया है। मंडी में भाव गिरने से व्यापारी कम दाम में खरीदी कर रहे हैं, जबकि किसानों पर ब्याज और पेनल्टी का बोझ बढ़ रहा है।

# आंधी-तूफान के बाद घंटों बिजली गुल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

क्षेत्र में अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। गुरुवार रात तेज आंधी से कई घरों से टीनशेड उड़ गए। कई पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं।

रात करीब 12 बजे के बाद अचानक से तेज हवा के साथ आंधी चलीं। हल्की बारिश भी हुई। रात में करीब तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। रात 2.30 बजे के बाद बिजली आई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में मौसम के और खराब रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। गर्मियां आते ही बिजली कंपनी के मेंटनेंस की पोल स्वतः ही खुल जाती है। पिछले तीन दिनों से खराब मौसम के कारण बार बार बिजली गुल होने और फाल्ट आने की शिकायतें आ रही हैं। जब घंटों तक बिजली गुल रहती है तो लोगों के सब्र का बांध टूट जाता है और वह बिजली कंपनी के शिकायत नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं।

फाल्ट ढूंढने में देरी के कारण घंटों तक इन दिनों बिजली गुल रहती हैं। वहीं जगह जगह फाल्ट भी आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब सालभर बिजली कंपनी मेंटनेंस के नाम पर कटौती करती है तो फिर जरा सी हवा और बारिश में जगह जगह फाल्ट क्यों हो जाते हैं।

### राजीनामा के दबाव से परेशान, मांगी सुरक्षा

**विदिशा**। गंजबासौदा निवासी चंद्र मोहन ने मारपीट के एक मामले में लगातार मिल रही धमकियों को लेकर एसपी कार्यालय और कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि घर के पास रहने वाले कुछ लोगों से पूर्व में विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। अब आरोपी पक्ष द्वारा राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। चंद्र मोहन ने आशंका जताई है कि उनके साथ बड़ी घटना हो सकती है।

## बीती रात जर्जर यूनीपोल धराशायी हुआ, कार्रवाई की चेतावनी दी

# नपा का 13 जगहों से जर्जर यूनीपोल हटाने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर में बढ़ते हादसों के खतरे को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने जर्जर विज्ञापन ढांचों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पालिका ने प्रिन्स पब्लिसिटी नामक विज्ञापन एजेंसी को नोटिस जारी कर शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे यूनीपोल और गैन्ट्री गेट्स को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। बीती 3 अप्रैल को शहर में एक बड़ा हादसा टल गया, जब एजेंसी द्वारा लगाया गया एक यूनीपोल अचानक सड़क पर गिर पड़ा। घटना के समय कोई राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया, जिससे जनहानि टल गई। हालांकि इस घटना ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए और प्रशासन को तुरंत कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया।

#### शहर के 13 स्थानों पर मंडरा रहा खतरा

नगर पालिका द्वारा की गई जांच में शहर के 13 प्रमुख स्थानों को खतरनाक स्थिति में पाया गया है। इनमें वर्णी कॉलेज चौराहा, तुवन मैदान, सुपर मार्केट, कोतवाली के सामने, बस स्टैंड, सागर रोड और इलाइट चौराहा जैसे व्यस्त इलाके शामिल हैं। इन स्थानों पर लगे यूनीपोल और ओवरहेड गेट जर्जर हालत में हैं, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं।

#### एजेंसी को दिया अंतिम मौका

पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने स्पष्ट कर दिया है कि नोटिस मिलते ही एजेंसी को अपने सभी खतरनाक ढांचों और प्रचार सामग्रियों को तुरंत हटाना होगा। यह कार्रवाई जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है।

#### नहीं हटाए तो कानूनी कार्रवाई होगी

नगर पालिका परिषद ईओ दिनेश कुमार ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में यूनीपोल नहीं हटाए गए तो पालिका अधिनियम 1916 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही इस मामले की जानकारी जिलाधिकारी को भी भेज दी गई है, जिससे प्रशासनिक स्तर पर भी निगरानी सुनिश्चित हो सके। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से जर्जर यूनीपोल खतरा बने हुए थे, लेकिन अब जाकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है, जिससे भविष्य में बड़े हादसों को रोका जा सकेगा।

स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, पूरी जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंपा केस

# रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बन गए 8 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र

## मामले में इस्तीफा दे चुके पूर्व ऑपरेटर की भूमिका ज्यादा संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जिले के स्वास्थ्य महकमे में जो न हो जाए कम है। गत दिवस ही कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं स्थापना के लिपिक का वेतन उस दिन तक रोकने के तल्ख निर्देश दिए थे जब तक संविदा कर्मचारियों को उनकी तनख्वाह न मिल जाए। उक्त मामला अभी चर्चा में ही था कि जीरापुर क्षेत्र से जुड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में जन्म-मृत्यु पंजीयन पोर्टल के साथ बड़ी डिजिटल छेड़छाड़ का मामला सामने आ गया।

रामगढ़ पीएचसी(प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) में मात्र कुछ ही मिनटों के भीतर ओटीपी और जीमेल एक्सेस का दुरुपयोग कर 08 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। चैंकाने वाली बात यह है कि इन प्रमाण पत्रों में मध्य प्रदेश के साथ-साथ तेलंगाना राज्य के आवेदकों के नाम भी शामिल हैं, जो




एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता की ओर ईशारा कर रहे हैं।

### संस्था प्रभारी के पास आई ओटीपी से मालूम हुआ खेल

रामगढ़ पीएचसी प्रभारी डॉ. सिमरन ठाकुर ने बताया कि 16 मार्च 2026 की शाम जब अस्पताल में कोई भी कर्मचारी पोर्टल पर काम नहीं कर रहा था, तभी अचानक उनके मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त हुआ। इसके तुरंत बाद एक के बाद एक साथ आठ एसएमएस आए जो जन्म प्रमाण-पत्र जनरेट होने के संबंध में थे। मामले की गंभीरता को देखेते हुए डॉ. सिमरन ने मोबाइल नंबर तो बदल दिया लेकिन लेकिन पुरानी जीमेल आईडी का एक्सेस अब भी पोर्टल से जुड़ा था, जिसका फायदा उठाकर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया।

### शक की सुई पूर्व ऑपरेटर पर

प्राथमिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि पूर्व में भी एक फर्जी प्रमाण पत्र का मामला सामने आया था, जिसके बाद डेटा एंट्री ऑपरेटर अर्जुन बैरागी ने इस्तीफा दे दिया था। आशंका जताई जा रही है कि पोर्टल की लॉगिन आईडी और पुरानी जीमेल आईडी का एक्सेस अब भी पूर्व ऑपरेटर के पास होने के कारण इस सुरक्षा चूक का लाभ उठाया गया। 16 मार्च की रात को जीमेल आईडी बदली गई, लेकिन अगले ही दिन फिर से लॉगिन के प्रयास किए गए, जो पोर्टल की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करते हैं।

### इन नामों से जारी हुए फर्जी प्रमाण पत्र

पोर्टल का दुरुपयोग कर नंदनी सोनी, मोहम्मद बिलाल मंसूरी, सुनीताबाई बाई बागरी, पिंकी, मनीषा कुमारी, मुलागेरी श्रावंती (तेलंगाना), अकान बाई और अनिल नाथ के नाम पर प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। संस्था प्रभारी डॉ. सिमरन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ को लिखित शिकायत के बाद साक्ष्य (ओटीपी स्क्रीनशॉट और फर्जी प्रमाण पत्र) विभाग को सौंप दिए हैं। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस डिजिटल सेंधमारी के पीछे के असली मास्टरमाइंड और पूर्व ऑपरेटर की भूमिका पर क्या सख्त एक्शन लेता है।

**इनका कहना है**

मामला डिजीटल क्राइम से जुड़ा है इसलिए हमने मामले की इत्तिला जिला पुलिस की साइबर सेल को भी लिखित में कर दी है। वहां से प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कार्यवाही करेंगे।


- **सुनील चौरसिया,** ब्लॉक मेडीकल ऑफिसर, जीरापुर, जिला राजगढ़

पुलिस ने पोस्टमार्टम उपरान्त कायम किए मर्ग

# राजगढ़ क्षेत्र में विवाहिता तो सारंगपुर में फंदे पर झूला युवक, पड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-सारंगपुर

राजगढ़ क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता महिला और सारंगपुर नगर में एक युवक द्वारा फांसी के फंदे पर झूल अपनी इहलीला समाप्त कर ली गई। दोनों मामलों में सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा व अन्य आवश्यक कार्यवाही उपरान्त शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया एवं मर्ग कायम कर जांच में लिए गए।



### 30 वर्षीय विवाहिता फांसी पर झूली

राजगढ़ कोतवाली थानाक्षेत्र के तहत आ रहे ग्राम झंझाड़पुर में गुरुवार शाम ममता पत्नी बीरम तंवर उम्र 30 वर्ष का शव फंदे पर लटका मिला। जानकारी लगने पर थाने की टीम मौके पर पहुंची और बॉडी को फंदे से उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की गहन विवेचना में लगी हुई है।

### सारंगपुर में घर में ही फंदे पर झूला युवक

उक्त घटना के इतर जिले के सारंगपुर नगर के कीड़ी रोड़ पर एक युवक समीर पिता जमील अंसारी उम्र 30 वर्ष ने अपने घर पर ही फांसी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। परिजन तत्काल युवक को फंदे से नीचे उतारकर सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टरों ने जांच के उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक मौत से परिवार में शोक का माहौल है और आसपास के क्षेत्र में भी घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की। पुलिस द्वारा मौका पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल उक्त दोनों ही मामलों में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

# जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक

## विभिन्न लापरवाहियों पर सीएमएचओ से किए जवाब-तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी शुक्रवार दोपहर अचानक डीएच के निरीक्षण पर पहुंचे गए। इस दौरान अस्पताल की आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा व्यवस्थाओं का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के प्रत्येक तल का निरीक्षण किया गया।

अधिकारीद्धय ने सभी वार्डों, कैंटीन एवं शौचालयों की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर पीयूसी द्वारा तैयार किए गए भवन के मानचित्र एवं डिजाइन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से



उपलब्ध कराई जाएं, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं मिल सकें। अधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन को सुधार हेतु तल्ख निर्देश प्रदान किए। जिला अस्पताल में नव स्थापित मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री सिस्टम एवं आरओ जल आपूर्ति व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एनआरसी कक्ष को शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश दिए। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन एवं ईटीपी प्लांट की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। फील्ड विजिट के दौरान पुलिस हाउसिंग के कॉन्ट्रैक्टर रत्नेश चैरसिया एवं संजीव सहाय शर्मा भी उपस्थित रहे।

स्टेडियम में शाम 5 बजे से

# राजगढ़ में आज से शुरू होगा आईपीएल, इनाम 71 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर राजगढ़ मुख्यालय पर कल रविवार 5 अप्रेल से आईपीएल टूर्नामेंट की शुरूआत होने जा रही है। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें शामिल की गई हैं जिनमें जिले व क्षेत्र के बेहतरीन क्रिकेटरों का जलवा दर्शकों को देखने मिलेगा।



हाशमी क्रिकेट क्लब एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के सहयोग से आयोजित हो रहा यह टूर्नामेंट 5 अप्रेल से आरंभ होगा 17 अप्रेल को संपन्न होगा। टूर्नामेंट की फाइनल विजेता टीम को वसीम सरोज हाशमी द्वारा 71 हजार रुपए एवं ट्राफी का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही उप-विजेता टीम को 40 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। स्थानीय स्टेडियम परिसर में होने जा रहे इस टूर्नामेंट के लिए लाईटिंग, सुरक्षा समेत तमाम व्यवस्थाएं आयोजकों द्वारा कर ली गई हैं। उद्धघाटन मैच प्रशासन इलेवन एवं विधायक इलेवन की टीम के बीच खेला जाएगा। आयोजकों ने आधिकाधिक खेल प्रेमियों ने इस टूर्नामेंट का आनंद उठाने की अपील की है। फाइनल मैच उपरान्त मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट फील्डर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बल्लेबजार, मेच ऑफ द मैच सहित अन्य पुरस्कार खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे।

# एक तरफा प्यार के चक्कर में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, पहुंच गई पुलिस

## पुलिस ने समझा-बुझाकर नीचे उतरवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जिले के सारंगपुर क्षेत्र के लीमाचैहान गांव में शुक्रवार दोपहर एकतरफा प्रेमप्रसंग के चलते एक 25 वर्षीय युवक मोबाइल के टॉवर पर जा चड़ा। सूचना मिलते ही टीआई और पुलिसबल मौके पर पहुंचे और किसी तरह समझाईस देकर युवक को टॉवर पर से नीते उतरवाया। बताया जा रहा है कि जिस युवति से लड़का प्रेम करता है उसकी कुछ ही दिनों में शादी होने वाली है।

निपानिया गांव तुला निवासी अनिल वर्मा नाम का यह युवक मिस्त्री का काम करता है और संबंधित युवति से एकतरफा प्रेम करता था। युवति की कुछ दिनों में शादी होने वाली है। इसके चलते युवक ने आत्मघाती उठाया और टॉवर पर जा चड़ा। पुलिस ने युवक अनिल की जान बचाने के भरसक प्रयास किए और युवति से भी बात करवाई। युवति ने बताया कि वो उससे प्यार नहीं करती है। टीआई राहुल रघुवंशी, एसआई सुगनलाल धुर्वे, अमित रघुवंशी, राधारमण मीणा और आरक्षक विक्रम ने युवक को करीब एक घंटे समझाया। संबंधित युवती से बात की तो ज्ञात हुआ की उसका कोई संबंध ही नहीं है और न ही उसे जानती है। इसके बाद पुलिस ने युवक को प्रेम से समझाया और नीचे उतार कर थाने ले गए जहां उसे समझाईश दी जा रही है।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन युवक घायल, डायल112 ने पहुंचाया अस्पताल

**विदिशा।** जिले के थाना मुरवास क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर बस स्टैंड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना 2 अप्रैल को सुबह 10:13 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना मुरवास में तैनात डायल-112 एफआरवी वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 के सैनिक समीन खान एवं पायलट राशिद खान घटनास्थल पर पहुँचे और पाया कि टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एफआरवी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर माचलपुर में निकला भव्य चल समारोह



**माचलपुर।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी देखी गईं और श्री राम और बजरंगबली के जय जयघोषों से नगर गुंजायमान नजर आया। नगर में रामनवमी से ही हनुमान मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था वहीं अखंड रामायण के पाठ चल रहे। इस बार ईमली वाले बालाजी मंदिर पर रामनवमी से विशेष रूप से रात्रि में रामकथा चल रही थी वहीं पांच दिवसीय पंचकुंडी महायज्ञ भी हुआ जिसमें प्रतिदिन मंत्रोच्चार से दी गई आहुतियों ने वातावरण को शुद्ध किया जिसकी पूर्णाहुति हनुमान जन्मोत्सव पर हुई। वही मंदिर पर बने नवीन शिखर पर कलश चढ़ाया गया इसका पुण्य कमाने के लिए विष्णुप्रसाद करोड़िया ने उच्चतम बोली 2 लाख 51 हजार लगाई और करोडिया परिवार की और से चढ़ा। शाम को विशाल शोभायात्रा मंदिर से बैंड बाजे डीजे की धुन पर बजते धार्मिक भजनों निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु साथ चल रहे थे। शोभायात्रा में हनुमानजी की चलित झांकी भी सम्मिलित थी। चल-समारोह नगर भ्रमण उपरान्त मंदिर पहुंचा जहां हनुमान जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसी प्रकार नगर प्रसिद्ध चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पर भी विभिन्न आयोजनों के साथ भंडा आयोजित किया गया।

# दो आरोपी वाहन समेत किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिविल लाइन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 5 लाख कीमत की तीन मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस के रडार पर थे।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। इस दौरान अंकित यादव उर्फ टुंडा (25) निवासी क्रांति चौक और अरुण अहिरवार (19) निवासी गुप्तेश्वर मंदिर के पास, कोतवाली क्षेत्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी टुंडा ने सुपारी लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में ही मुखर्जीनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता रंजीत सोनी की गोली मारकर हत्या की थी।

### आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं कई मामले

उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में 9 और कोतवाली थाने में 3 प्रकरण पहले से दर्ज हैं, जिनमें हत्या (धारा 302) जैसे गंभीर अपराध भी शामिल हैं। पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य वारदातों का खुलासा करने में जुटी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल हो सकता है। इस कार्रवाई में एएसआई घूमन सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील पुरी, राजकुमार मौर्य, कपूर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में चोरी और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। साथ ही आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य मामलों के खुलासे की भी उम्मीद है।

## महेश शर्मा बने किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष



**खिलचीपुर।** भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने महेश कुमार शर्मा खिलचीपुर को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर प्रदेश की कमान सौंपी है। शर्मा को उनकी सराहनीय कार्य शैली को दृष्टि गत रख मनोनित किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर इष्टमित्रों, नागरिकों ने बधाईयां दी हैं।

# राजगढ़ हेड पोस्ट ऑफिस में खत्म हुई रेल रिजर्वेशन सुविधा, आमजन परेशान


## सांसद नागर ने दूर संचार मंत्रालय को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में अर्से से चालू रेलवे रिजर्वेशन की सुविधा को रेल विभाग ने 31 मार्च को बंद कर दिया जबकि प्रतिदिन काउन्टर से अनेकों टिकिटों की बुकिंग होती है। जब रेल में सफर करने वाले यात्री रिजर्वेशन के लिए पोस्ट ऑफिस पहुंचे तब उन्हें यह बात मालूम हो पाई। हरिभूमि न जब पोस्ट ऑफिस प्रबंधन से बात की तो मालूम हुआ कि यह उनके हाथ से नहीं बल्कि रेलवे मिनिस्ट्री के निर्देशों पर किया गया है। आपको बतादें कि राजगढ़ मुख्यालय स्थित पोस्ट ऑफिस में प्रतिदिन कईं लोग विभिन्न टेनों से यात्रा करने हेतु आरक्षण करवाया करते हैं। गत दिवस जब कुछ यात्री अमन, दिलीप, महीप, प्रकाश, सुनील, देवेंद्र व अन्य जब पोस्ट ऑफिस में रेल रिजर्वेशन करवाने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि अब यहां से रिजर्वेशन नहीं हो पाएगा।

### नवंबर में भी बंद हुई थी सेवा

राजगढ़ मुख्य डाकघर में रेल रिजर्वेशन सुविधा को रेल मंत्रालय ने नवंबर माह में भी बंद किया था जिसके



बाद क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर के प्रयासों से यह सुविधा पुनः प्रारंभ हुई थी। हरिभूमि ने इस बारे में जब सांसद नागर से संबंध किया तो उन्होंने बताया कि इस असहुलियत के लिए उन्होंने दूरसंचार मंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध कर दिया है ताकि यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। अगर सबकुछ ठीकठाक रहा तो पोस्ट ऑफिस में यह सुविधा जल्द प्रारंभ हो जाएगी।

देर रात्रि तक चलता रहा आयोजन, भंडारे और आरती आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भगवान हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शहर में हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में एतिहासिक चल समारोह निकाला गया।जुलूस पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। अखाडे के उस्ताद करतब दिखाते हुए चल रहे थे।चल समारोह मुख्य मार्गों से होकर पुराना बस स्टैंड स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पहुंचा, जहां जूलूस का महाआरती के साथ समापन किया गया।

हनुमानजी के जन्मोत्सव के मौके पर गुरूवार देर शाम को चल समारोह की शुरूआत ढकोरा रोड स्थित हनुमान मंदिर से की गई।यहां पर श्रद्धलुओं का एकित्रतकरण हुआ। इसके बाद हनुमानजी की अतिथियों व वरिष्ठजनों के द्वारा आरती की।आरती के बाद चल समारोह की शुरूआत की।जुलूस में भगवान श्री राम-लक्ष्मण जी व हनुमानजी के पात्र एक रथ पर सवार होकर चल रहे थे।



इसके अलावा अखाड़े, सुंरकांड समितियां, झंडा समितियों के भक्तगण सहित हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ता, राजनैतिक, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने बढ-चढ़कर भाग लिया।डीजे के साथ जुलूस यहां से शुरू होकर सुठालिया रोड पर पहुंचा।रोड पर पूरे रास्ते में स्थानीयजनों के द्वारा पुष पवर्षा कर स्वागत किया गया। जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम रखा गया था। हनुमान जी महाराज की पालकी की पूजा अर्चना की। यात्रा सुठालिया रोड से होते हुए मुख्य बाजार होकर सुभाषा चैक होते हुए जगात चैक पहुंची। जगात चैक से चल समारोह अहिंसा द्वार होते हुए गुड़ चैराहा, पीपल चैराहा से होते हुए पुराना बस स्टैंड पर स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पहुंचा।

### महाआरती उपरान्त प्रसादी का हुआ वितरण

मंदिर पर रात के समय भव्य आरती का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा एवं हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अजय चैहान ने सभी सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं, समाज के सभी प्रभुत्वजनों, पुलिस-प्रशासन समस्त हिंदू समाज का अभिनंदन और आभार प्रकट किया।